तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

9 स्कूली छात्रों को दिए गए सफलता के टिप्स

10 ननि ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा महोत्सव...


## खबर संक्षेप

### अटंग में मड़ई 5 फरवरी को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 फरवरी को मड़ई रखी गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए माटी के सिंदूर बूटाकसा होच्चेटोला मोहला मानपुर का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है।

### वन अधिकार समिति की बैठक आज

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 13 जनवरी को रखी गई है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### फुसेरा में कबड्डी स्पर्धा आज




**सिर्री।** स्व. सुरेंद्र यादव की स्मृति में युवा कबड्डी क्लब द्वारा ग्राम पंचायत फुसेरा में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 13 जनवरी शनिवार को आयोजित की गई है। प्रवेश शुल्क 300 रुपए निर्धारित है। प्रथम पुरस्कार 13024 रूपये, द्वितीय 8024 रूपये, तृतीय 5024 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2024 रूपये रखा गया है। यह जानकारी डा. लोकेश साहू जनपद सदस्य ने दी है।

### कुकरेल में 14 को निःशुल्क नेत्र शिविर

**धमतरी।** भारतीय जैन संघटना द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 14 जनवरी रविवार को ग्राम कुकरेल के ग्राम पंचायत भवन में किया गया है। जिला अध्यक्ष कुशल चोपड़ा ने बताया कि शिविर में रायपुर एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के डॉक्टर सेवायें देंगे। आर्थिक रूप से कमजोर चिन्हित मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन रायपुर में निःशुल्क कराया जायेगा।

### कौशल परीक्षा 21 को

**धमतरी।** जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में स्टेनोटाइपिस्ट, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी और सहायक ग्रेड-तीन के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये कौशल परीक्षा 21 जनवरी को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जायेगी। चयन समिति की अध्यक्ष एवं एडीजे सुनीता टोप्पो ने बताया कि स्टेनो टाइपिस्ट हिन्दी के अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण सुबह 8.30 बजे से और परीक्षा 9.30 बजे से आयोजित होगी। स्टेनोग्राफर अंग्रेजी की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से और सहायक ग्रेड-03 के लिये दस्तावेज परीक्षण सुबह 9.30 बजे से तथा परीक्षा दोपहर 12 बजे से आयोजित की जायेगी।

### नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**धमतरी।** श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिये मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 तक थी, किन्तु विधानसभा चुनाव के आदर्श आचरण संहिता की वजह से कई विद्यार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित हो गये हैं। इसके मद्देनजर ऑनलाइन आवेदन की तिथि दो माह बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक की गई है।

8 साल में नाममात्र आई कमी, प्रदेश के अन्य जिलों की भी स्थिति खराब

# करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं घट रहा कुपोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाने के बाद भी बच्चों को कुपोषण का दंश झेलना पड़ रहा है। पिछले 8 साल में कुपोषित बच्चों की संख्या में नाममात्र की कमी आई है। वर्ष 2016 में 6 हजार 883 बच्चे कुपोषित थे। महिला बाल विकास विभाग के आंकड़े बताते हैं कि अभी भी 6 हजार 340 बच्चे कुपोषण की मार झेल रहे हैं।

कुपोषण के खिलाफ जंग को शुरूआती दौर में अच्छी सफलता मिली थी लेकिन एक स्तर पर आने के बाद कुपोषण थम सा गया है। अधिकारी-कर्मचारी जितनी मेहनत कर रहे हैं, उसके अनुपात में कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। स्थिति पर गौर करें तो वर्ष 2014-15 में जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या 20 हजार 757 थी। सभी को सुपोषित करने के उद्देश्य से प्रत्येक बच्चे पर 10 हजार 500 रुपए खर्च किए गए। यही नहीं अन्य मदों से भी भारी-भरकम खर्च किए गए। दो साल के भीतर 13 हजार 875 बच्चे सुपोषित हो गए थे। इसके बाद तो योजना की सफलता पर जैसे ब्रेक लग गया है। उस वक्त 6 हजार 883 बच्चे सुपोषित होने से बच गए थे। इन बच्चों को सामान्य स्तर पर लाने के लिए भरपूर खर्च किया। इनमें से अधिकांश बच्चे सुपोषित भी हुए। जितने बच्चे सुपोषित हुए लगभग उतने ही नए बच्चे कुपोषित भी मिलने लगे। अभी भी लगभग ऐसी ही स्थिति बनी हुई है, जिसके चलते कुपोषण का स्तर मनचाहा रूप से कम नहीं हो रहा है।

### तीन माह में आई कमी

महिला बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सितंबर 2023 के वजन त्योहार में 60 हजार 879 बच्चों का वजन किया गया था, जिसमें 54 हजार 253 बच्चे सामान्य स्तर के मिले। 5 हजार 624 मध्यम श्रेणी के कुपोषित मिले। वहीं 1002 बच्चे गंभीर कुपोषित पाए गए थे। तीन माह बाद दिसंबर माह में फिर से वजन त्योहार मनाया गया, जिसमें 61 हजार 45 बच्चों का वजन लिया गया। इस बार 5359 बच्चे मध्यम कुपोषित पाए गए, जबकि 981 गंभीर कुपोषित मिले हैं।


फाइल फोटो

### धमतरी जिला तीसरे नम्बर पर

प्रदेश के 33 जिलों में से अधिकांश जिले की स्थिति धमतरी से भी खराब है। प्रदेश स्तर पर कुपोषण का स्तर देखें तो धमतरी जिला 3 नम्बर पर है, जहां वजन तयोहार में 10.88 प्रतिशत बच्चे कुपोषित मिले। दूसरे नम्बर पर मुंगेली जिला है जहां कुपोषण 8.83 प्रतिशत है। पहले नम्बर पर दुर्ग जिला है जहां कुपोषण 8.43 प्रतिशत है। बाकी के 30 जिलों में कुपोषण ज्यादा है। सुकमा, बस्तर, नारायणपुर में तो कुपोषण 30 प्रतिशत तक है। वहीं कोंडागांव, मानपुर मोहला, बलौदाबाजार में भी स्थिति चिंताजनक है।

# रामलला दर्शन की घोषणा से उत्साह

- लोग काशी विश्वनाथ मंदिर, कॉरिडोर तथा गंगा आरती के भी दर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रामलला दर्शन की घोषणा से प्रदेश सहित जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में पूर्व पार्षद श्रीमती अनीता सोनकर ने कहा कि सरकार की इस पहल से प्रदेशवासियों को राम जन्म भूमि के दर्शन का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। 22 जनवरी का दिन पूरे भारत वर्ष के लिए अविस्मरणीय रहेगा। यह दिन खुशियों भरा होगा, उस दिन हम सब मिलकर दीप जलायेंगे।

बता दें कि धार्मिक नगरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा किया जाएगा। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्या ले जाया जाएगा। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनाई जाएगी। प्रत्येक समिति द्वारा अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।



# अमानक पान मसालों की जमकर बिक्री, सेहत दांव पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बढ़ती नशाखोरी पर लगाम लगाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कुछ साल पहले पूरे राज्य में जर्दायुक्त गुटखा पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने का निर्देश दिया था। सरकार ने अपने आदेश में कहा था कि तंबाकू या निकोटिनयुक्त गुटखा, पान मसाला के निर्माण, भंडारण, बिक्री या वितरण को पूर्ण प्रतिबंधित किया जाएगा। इस निर्देश के बाद भी हर जगह धड़ल्ले से गुटखा की बिक्री हो रही है। इस व्यवसाय से जुड़े दुकानों पर गुटखा पहले की भांति अभी भी उसी मात्रा में सहजता से उपलब्ध हो रहा है। कार्रवाई के डर से कुछ दुकानदार गुटखा पदार्थों को सामने से हटाकर दुकान के भीतर रखकर बेच रहे हैं।

कुछ व्यवसायियों का कहना है कि सरकार का यह फैसला पूर्ण रूप से हास्यास्पद है। सरकार ने इस प्रकार का फैसला लेकर इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को परेशान करने की कोशिश की है। गुटखा पर अंकुश लगाना है तो सबसे पहले गुटखा निर्माण करने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। एक अन्य व्यवसायी का कहना है कि सरकार के आदेश के बाद भी इस व्यवसाय में किसी प्रकार की रूकावट देखने को नहीं मिली है। पहले की भांति उतनी मात्रा में उसी दाम में गुटखा मिल रहा है।

चिकित्साधिकारी डा. एसके मंडल ने बताया कि पान मसाला बनाने के लिए सुपाड़ी, तंबाखू सहित विभिन्न प्रकार के केमिकल का उपयोग किया जाता है। लगातार इसका सेवन करने से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुंह के कैंसर सहित विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। खाद्य निरीक्षक अक्षय सोनी ने बताया कि विभाग इसे गंभीरता से लेते हुए जर्दायुक्त अमानक पान मसालों के क्रय -विक्रय पर कार्रवाई कर रहा है। टीम ने मुखबिर की सूचना पर दर्जनों स्थानों में छापामार कार्रवाई कर हजारों रूपए का गुटखा पकड़ा है।

# युवा शक्ति के दम पर भारत बनेगा विश्वगुरू : किशोर सिंह

- आरएसएस ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस, पथ संचलन पर बरसे फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए आरएसएस ने पथ संचलन किया। जहां से स्वयंसेवक गुजरे, नगरवासियों ने फूलों की बौछार कर उनका स्वागत किया। अंत में गौशाला मैदान में मंचीय कार्यक्रम हुआ, जहां मुख्य वक्ता ने युवाओं से भारत को विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान दोपहर 1.30 बजे गौशाला मैदान से स्वयंसेवकों ने पथ संचलन शुरू किया। पथ संचलन शहर के मुख्य मार्गों से होते गौशाला मैदान में पहुंचकर समाप्त हुआ। रामबाग में संघ के स्वयंसेवक दिनेश पटवा, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट, गुलाब चोपड़ा, शिवाजी साहू, योगेश साहू, उत्कर्ष बरडिया, नागेश, महक पटवा तथा सदर बाजार में भाजपा के जिलाध्यक्ष शशि पवार, बिथिका विश्वास, कविन्द्र जैन सहित अन्य भाजपाइयों ने संचलन में चल रहे स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा की। दोपहर 3 बजे मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत व्यवस्था प्रमुख किशोर सिंह थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी उतने महत्वपूर्ण थे जितना उस समय में थे। आज षड्यंत्रकारी शक्तियां युवा शक्ति को छिन्न-भिन्न करने का काम कर रही हैं। ये शक्तियां भारत को आगे बढ़ता और विश्वगुरू बनता देखना नहीं चाहती है। युवाओं के मन में प्रांतवाद, क्षेत्रवाद, स्वार्थवाद भर रहे हैं। भारत युवाओं का देश है, जहां पर युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। षड्यंत्रकारी शक्तियां जानती हैं कि युवा पीढ़ी सबल हो जाएगी तो भारत सर्वशक्तिशाली होगा। वे ऐसा होने देने नहीं चाहते हैं। इन षड्यंत्रकारी शक्तियों को मुंहतोड़ जबाब देते हुए हमें देश और समाज के लिए काम करना है। केवल भारत देश के कल्याण के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए भारत को विश्वगुरू बनकर सबका नेतृत्व करना होगा। इसके लिए देश को खुदीराम बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे युवाओं की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में गणेश्वर प्रसाद निर्मलकर जिला कार्यवाह, सुनील यदु सह जिला कार्यवाह, मनोज नेताम, कामता प्रसाद साहू बौद्धिक कार्यवाह, वेदू प्रसाद साहू, राकेश साहू, निलेश राजा, मोहनलाल साहू, हरिवंश साहू, गौतम साहू, मनोज कश्यप आदि उपस्थित थे।




### शिवाजी से सीखें मैनेजमेंट

छत्रपति शिवाजी महराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा कि शिवाजी ने मात्र 16 साल की उम्र में पहला किला जीता था। उनका मैनेजमेंट काफी तगड़ा था। कौन आदमी किस काम आ सकता है, किस व्यक्ति में कैसा गुण है, उससे कैसा काम लिया जा सकता है, वे बखूबी जानते थे। जब पूरा देश औरंगजेब के भय से कांप रहा था। लोग अपने को हिन्दू बोलने से डरते थे। उस समय शिवाजी ने स्वराज का झंडा उठाया। अपने लोगों को संगठित किया और औरंगजेब को धूल चटाई। हमारे युवा खुद की शक्ति को पहचानने लगेंगे तो वे देश, समाज के साथ खुद के लिए उपयोगी साबित होंगे।

# महिला व बच्चों से संबंधित शिकायतों पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस कार्यालय में एसपी ने क्राइम मीटिंग लेकर कानून व्यवस्था में कसावट लाने अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

प्रदेश के डीजीपी द्वारा वर्चुवल मीटिंग में दिए गए एजेंडे के परिपालन में एसपी ने क्राइम मीटिंग लेकर जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी व शाखा प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एसपी ने लंबित अपराधों व शिकायतों की पेडेंसी को कम करने के उद्देश्य से सभी सुपरविजन अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों से अनसुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा कर उनका निराकरण करने निर्देशित किया। महिला, बालक, बालिका संबंधी अपराधों पर पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों तथा महिला रिपोर्ट व शिकायतों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए। क्षतिपूर्ति व राहत प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

इसी तरह अवैध शराब की बिक्री, जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थों, चैन स्नेचिंग व चाकूबाजी की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण करने के साथ- साथ इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए कहा। सीमावर्ती राज्यों से आने वाली अवैध सामग्री एवं धान तस्करी की घटना को रोकने के लगातार टीम बनाकर कार्रवाई करने निर्देशित किया। चिटफंड के निवेशकों की धन वापसी के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई करने के लिए कहा। एसपी ने सभी रात्रपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की विवेचना का स्तर 3 उत्कृष्ट साक्ष्यपरक करने तथा महिला एवं बच्चों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ समय-सीमा के भीतर कठोर कार्रवाई करें। इसी तरह क्राइम मीटिंग, अन्य एजेंडा पर समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मीटिंग में डीएसपी, एसडीओपी, थाना व चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एसपी ने क्राइम मीटिंग में दिए आवश्यक निर्देश



# एक ही रात सात दुकानों के ताले टूटे



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

- भखारा में बढ़ रहीं चोरी की घटनाएं

11 जनवरी की रात नगर पंचायत भखारा के अटल चौक के पास स्थित पालिका बाजार में 7 दुकानों में चोरों ने धावा बोल दिया। चोर देवांगन श्रृंगार सदन से 35 से 50 हजार नकद और बैग में श्रृंगार सामान भरकर ले गया है। वहीं पूनम इलेक्ट्रानिक से 45 हजार नकदी और 2 होम थिएटर, सिलाई मशीन, डीटीएच नई छतरी 10 नग, डीटीएच सेटअप बाक्स 5 नग की चोरी की है। चोरों ने टीवी स्क्रीन को तोड़ दिया है। बाकी की दुकानों का ताला भी तोड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत भखारा में लगातार चोरी की वारदात हो रही है। शातिर चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर है। दो दिन पहले ही स्कूल से राशन सामग्री की चोरी हुई थी जिसका आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। अब फिर से नगर के बीचों-बीच मुख्य मार्ग से लगे पालिका बाजार में चोरों ने धावा बोल दिया है। यहां एक साथ 7 दुकानों के ताले तोड़े जाने की खबर है। यह भखारा के व्यापारियों के लिए बड़ी चिंता का विषय है। एक आरोपी को पुलिस पकड़ती, उससे पहले नगर में एक और बड़ी चोरी की घटना हुई है। ऐसे में पुलिस की पोल एक बार फिर खुल गई है। भखारा पुलिस संसाधनों से लैस है। उसके बाद भी चोरी की घटना पर लगाम नहीं लग रही है। इससे नगर में पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है।

⏩ शेष पेज 8 पर

वार्डों में लगने वाली भीड़ को कम करने की हो रही कवायद

# अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने का समय निर्धारित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल के वार्डों में मरीजों के पास लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं बगैर किसी काम के अस्पताल में घूमने वालों पर अंकुश लगाने अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों से मिलने के लिये समय निर्धारित कर उसका पालन कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल भवन के भीतर महिला, पुरूष, न्यू वार्ड, मेटरनेटिव, पीडिया वार्ड एवं अन्य विभाग संचालित हैं। ओपीडी भवन अस्पताल के बाजू में स्थित होने के कारण जांच व उपचार कराने वाले मरीज वहां चले जाते हैं। वहीं आईपीडी के मरीज, गायनिक विभाग, एक्स-रे, सीटी स्कैन, आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभागों में जाने वाले मरीजों को अस्पताल भवन के भीतर जाना पड़ता है। गंभीर मरीजों को वार्डों में भर्ती कर उपचार किया जाता है, जिसके कारण अन्य विभागों में जाने वालों व वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने वालों की दिन भर आवाजाही रहती है। भर्ती मरीजों का हालचाल पूछने भी रिश्तेदार बड़ी संख्या में मिलने आते हैं, जिसके कारण अस्पताल का वार्ड मिलने आने वालों से खचाखच भरा रहता है। कई बार तो रिश्तेदार मरीज के बाजू में खाली पड़े बेड पर बैठे रहते हैं, जिससे चिकित्सकों को वार्ड में राउंड लेने समय मरीजों के उपचार करने में दिक्कत होती है। वहीं वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों को भीड़ के कारण असुविधा होती है। इसी तरह कई बार बगैर किसी काम के भी अस्पताल के भीतर घूमते रहते हैं, जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा निजी अस्पतालों की तर्ज पर भर्ती मरीजों से मिलने का समय निर्धारित किया है। समय- सारिणी को अस्पताल के गलियारे के शुरूआती चैनल गेट के पास डिस्प्ले भी किया गया। निर्धारित समय के अनुसार वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने का समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक, दोपहर में 12 से 2 बजे व रात्रि में 6 से 8 बजे तक है। अस्पताल के सिक्युरिटी गार्ड चैनल गेट के पास तैनात होकर भीतर जाने वालों की पंजीयनी पर्ची व पूछताछ कर ही प्रवेश दे रहे हैं।

### समय-सारिणी का कराया जा रहा पालन

अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि वार्ड में लगने वाली भीड़ को कम करने मरीजों से मिलने का समय निर्धारित किया गया है, जिसका पालन कराया जा रहा है। अस्पताल पहुंचने वाले रिश्तेदारों को निर्धारित समय पर ही मरीजों से मिलने दिया जा रहा है। इससे अस्पताल के भीतर लगने वाली भीड़ नियंत्रित होगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आरती साहू

**कुरूद।** विगत कई वर्षों से कुरूद महाविद्यालय का नाम विभिन्न गतिविधियों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिलता है, चाहे वह खेलकूद हो या पढ़ाई से संबंधित हो। इसी क्रम में संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के भूगोल विभाग की छात्रा आरती साहू ने पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची



सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वर्तमान में आरती साहू राज्य लोकसेवा आयोग की तैयारी कर रही हैं एवं उनका लक्ष्य राज्य लोकसेवा आयोग में चयनित होकर प्रशासनिक अधिकारी बनकर राज्य एवं देश की सेवा करना है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डीके राठौर, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएस साहू, अमित टंडन सहायक प्राध्यापक भूगोल, डॉ. ममता साहा अतिथि व्याख्याता भूगोल, वायआर उईके प्रयोगशाला तकनीशियन एवं वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आबकारी अमले ने जब्त की 135 लीटर महुआ शराब

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 11 जनवरी को ग्राम बोदलबाहरा जंगल में छापामार कार्रवाई से 135 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद की गई तथा 7200 किलोग्राम लाहान नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस दौरान आबकारी आबकारी अमला और नगर सैनिक उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक ही रात सात दुकानों के ताले टूटे

बता दें कि घटनास्थल पुलिस थाना से 200 मीटर दूर है। चोरी की घटना पर व्यापारी संघ भखारा के अध्यक्ष सुमीत पांडे ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में 6 चोर पालिका बाजार में घूमते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ही राशन दुकान व दुर्गा ज्वेलर्स में चोरी हुई है। पुलिस इसकी पतासाजी में जुटी है। चोरी की यह लगातार तीसरी घटना है। कार्रवाई के अभाव में चोरों के हौसले बुलंद हैं। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भरत नाहर ने कहा कि सत्ता बदलते ही आज चोरी बदमाशी की वारदात बढ़ रही है। चोरों को पकड़ने शासन- प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बवासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंग्रामी मेडिकल स्टोर्स के पास, बस्तर रोड, जोधपुर, धमतरी मो. 9174466336

### विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर बताई गई सरकार की योजनाएं

# विकसित भारत संकल्प यात्रा मंदरौद पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत मंदरौद (कुरूद) में किया गया। यात्रा में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया।

शिविर में पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य मेला, कृषि संबंधी, पीएचई, स्वसहायता समूह, बैंकिंग क्षेत्र आदि का स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम के दौरान टिकेश साहू भाजपा महामंत्री कुरुद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने एवं जनसामान्य में योजनाओं का



प्रचार-प्रसार करने एवं जागरूकता पैदा करने, वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, लाभार्थियों के व्यक्तिगत अनुभव साझा करने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों से केंद्र सरकार की योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने की अपील की।

इस अवसर पर सरपंच खूबलाल दीवान, उपसरपंच मोतीराम साहू, सचिव प्रकाश चंद्राकर, पंच देवा साहू, रामदयाल साहू, आरइओ अश्वनी सिन्हा, महिला बाल विकास से रेणुका साहू, हुमन चंद्राकर समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार की इन योजनाओं पर किया फोकस

शिविर में प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं आयुष्मान भारत के कार्ड्स, सिकलसेल तथा टीबी परीक्षण, पेंशन आवेदन, पीएम आवास योजना-ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर प्रकाश डाला।

# कलेक्टर ने ईव्हीएम डेमोन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



■ मतदाताओं को मिलेगी ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने जिले में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार हेतु ईव्हीएम डेमोन्सट्रेशन वैन को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए ईव्हीएम डेमोन्सट्रेशन वैन तैयार किया गया है। वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी जिले की सभी ग्राम पंचायतों, मतदान केन्द्र, हाट-बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जाएगी। जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्र धमतरी, सिहावा और कुरूद के लिए ईव्हीएम डेमोन्सट्रेशन वैन के लिए अलग-अलग प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है। बता दें कि कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# इट्स ऑल इन द माइंड थीम पर मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राष्ट्रीय युवा दिवस की इस बार थीम इट्स ऑल इन द माइंड है, जिसका हिंदी में अर्थ है सब कुछ आपके दिमाग में है। विवेकानन्द की शिक्षा का मूल उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, शिक्षा और चरित्र विकास को बढ़ावा देना था। इस उपलक्ष्य में प्रथम अरोरा प्रशिक्षण केंद्र (कुरूद) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डीएसपी नेहा पवार, मेजर कैप्टन लद्दाख, मेघराज साहू, टिकेश साहू, शीतेश्वर सिन्हा प्रतिष्ठित व्यापारी सीए, राजवंश पवार, प्रथम

■ प्रथम अरोरा प्रशिक्षण केंद्र कुरूद में हुआ कार्यक्रम



एजुकेशन फाऊंडेशन के स्टाफ यूथनेट हेड दिनेश बोरसे, क्लस्टर हेड मोतीलाल देवांगन, सेंटर हेड हरेश साहू, भोज साहू, जयप्रकाश साहू ट्रेनर महेंद्र साहू, नवनीत साहू, नीरज साहू, बिरेंद्र साहू, हितेश सिन्हा, वेद माथुर अन्य ,चेतन यादव, जान्हवी, हेमेश्वरी साहू सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर टिकेश साहू महामंत्री भाजपा कुरूद व सरपंच नवागांव (उ) ने बताया कि हर वर्ष 12 जनवरी को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाते हैं। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और शिक्षा को युवाओं के बीच पहुंचाने का काम किया जिससे उनके अंदर देशभक्ति की भावना को जगाया जा सके।

# अच्छे विचारों को अपने जीवन में स्थान दें : रेणु





■ कुरूद कालेज में नपं अध्यक्ष ने किया विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पश्चात महाविद्यालय से कारगिल चौक होते हुए विवेकानंद स्टेडियम तक रैली निकाली गई। स्वामीजी के विचारों एवं जीवन दर्शन पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. डी के राठौर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला ।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक हितनारायण टंडन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम अपना निर्माण कर लेते हैं तो यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में बड़ा कदम होगा। व्यक्ति के निर्माण से ही किसी राष्ट्र का निर्माण होता है। रासेयो इकाई 02 की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणु पाटले न कहा कि हम जैसा सोचते हैं, हम वैसा ही बन जाते हैं। अतः अच्छे विचारों को अपने जीवन में स्थान दें। रासेयो इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि युवा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम होते हैं। समाज में घटित होने वाली क्रांति एवं परिवर्तन में युवाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने आईएस दुर्गाशक्ति नागपाल एवं आर्मस्ट्रांग पेमे के जीवन का उदाहरण प्रस्तुत कर युवाओं को प्रेरित किया।

इस अवसर पर ग्रंथपाल बीआर देवांगन, सहायक प्राध्यापक डा. आरके पाण्डेय, डा. एनके मेश्राम , मेजर डा. ओमजी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, बीपीएड के छात्र- छात्राएं सहित एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

# रामभक्तों ने अक्षत भेंटकर दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। विदित हो कि 500 वर्ष के बाद 22 जनवरी को पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक गांव में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

■ रामपुर में अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत

इसी तारतम्य में गुरुवार को रामपुर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। स्वागत के बाद रामभक्तों ने भजन-कीर्तन करते हुए ग्रामीणों को अक्षत आमंत्रण स्वरूप दिया।

इस अवसर पर रमेश निषाद, मीलूराम साहू, ईश्वर निषाद, भैयाराम साहू, पुरोहित पीलाराम शर्मा, तोडरराम साहू, रामभरोसा साहू, रूपराम साहू, विजय सेन, डोमन साहू, नेहरूराम साहू, तारक दास, चम्मन साहू, भागवतराम साहू, बिसेलाल साहू, नोहेश्वर निषाद, भीखम निषाद, घनश्याम साहू, टुकेश्वर साहू, बोधराम निषाद, पुरुषोत्तम निषाद समेत अन्य उपस्थित थे।

# प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक



**पुरी।** सरसवती शिशु मंदिर छाती में 26 जनवरी, मातृ सम्मेलन, प्रतिमा सम्मान के लिए प्रबंधकारिणी समिति की बैठक हुई। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त विषय कंडिका की समीक्षा व अन्य विषयों पर चर्चा की। यह जानकारी नरेंद्र साहू सचिव सशिमं छाती शाला समिति ने दी है।

# अमलीडीह में मानसगान स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में नव युवा मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मानसगान का शुभारंभ मुख्य अतिथि सविता चोवाराम गंजीर सरपंच जोरातराई ने किया। अध्यक्षता शिवदयाल साहू सरपंच अमलीडीह ने की। विशिष्ट अतिथि अखिलेश्वरी विश्वकर्मा, दीनानाथ साहू ग्रामीण साहू समाज तिलेश्वरी



साहू, कुलेश्वरी साहू, देवाराम देवदास, ग्रामीण कोटवार पवन साहू, रोजगार सहायक जितेंद्र साहू, पंच गुलाब साहू, पंच ओमप्रकाश निर्मलकर, पंच नरेंद्र सेनपाल, सरपंच हसदा एवं ग्राम पुरोहित ओमप्रकाश तिवारी थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नव युवा मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष शांताराम साहू, संगठन मंत्री शिवदयाल साहू, व्यवस्थापक भुनुराम साहू, दीनदयाल साहू, धनीराम साहू जुटे हुए हैं।

### कोलियारी में सत्संग समारोह 15 से

**अंवरी।** सद्गुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम कोलियारी में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को किया गया है। इसकी तैयारी में संत मुक्तिशरण शास्त्री कबीर मुटाना आश्रम एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।



# प्रेम से बुलाने पर भगवान चले आते हैं : अरोड़ा

■ डोमा में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम डोमा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी है। कथावाचक विष्णु अरोड़ा उज्जैन मध्यप्रदेश हैं। श्रीमद् भागवत कथा सुनने हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ रही है।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन कथावाचवक ने गोवर्धन पूजा, कंस वध और कृष्ण रुक्मणि विवाह की कथा बताई। कृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग में बाल



योगी विष्णु अरोड़ा ने बताया कि माता रुक्मणि ने विवाह के निमित्त भगवान कृष्ण को पत्र लिखा। भगवान कृष्ण पत्र पढ़ते ही तुरंत उन्हें लेने के लिए निकल पड़े । माता रूक्मणि लक्ष्मी का रूप है इसलिए भगवान रुक्मणि के पास नहीं गए बल्कि एक भक्त के पास गए। भगवान नारायण शबरी के पास गए क्योंकि शबरी भगवान राम की भक्त थी। सुदामा के पास गए। सुदामा ने श्री कृष्ण की भक्ति की थी।

कहने का तात्पर्य है कि जब-जब भक्त प्रेम से बुलाते हैं तब तब भगवान चले आते हैं। भगवान को पाने के लिए समर्पण होना चाहिए। भक्ति होनी चाहिए, श्रद्धा होनी चाहिए। दिखावे की भक्ति से भगवान नहीं मिलता। कृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग में लोग झूम उठे। लड्डू और मिठाइयां बांटी गई।

### आस्था विद्या मंदिर में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

# मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की प्रमुख भूमिका : गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

आस्था विद्या मन्दिर में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात विवेकानंद के जीवन एवं उनके विचारों को छात्र-छात्राओं को बताया गया। छात्रों ने विवेकानंद के जीवन पर प्रेरणास्त्रोत, गीत, कविता एवं भाषण की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राचार्य वायपी गोस्वामी ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे अवसर पर एकजुट हुए हैं जो हमारी युवा पीढ़ी के उत्थान का संकेत है। यह दिन हमें स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को समर्पित करने का अवसर देता है, जो नेतृत्व, उत्साह, और ज्ञान और समर्पण के प्रति एक





उदाहरण है। हमारे युवा ऊर्जावान और रचनात्मक हैं। इस देश के भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा शक्ति ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करते हुए नए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं केके नगारची, नूरेन्द्र देवांगन, शेषनारायण किरण, हिमांचल गोस्वामी, हरिनारायण मानिकपुरी, टोमन साहू, टिकेश्वर साहू, टोकेश्वर साहू, डावीन साहू, मधुराम साहू, विजयलक्ष्मी साहू, लक्ष्मी साहू, रितु साहू, आनन्द्रिका साहू, शालिनी साहू, सोनम साहू, देवेंद्र पटेल, बीरेंद्र साहू, कमल पटेल, संगीता, जोशलिना गुरिया, सुशोभिता बलिहारसी, संगीता लोप्पो, अनुपमा, मोनिशा तिरके, रेशमा कुजूर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। 11 जनवरी गुरुवार को पीटीएम बैठक रखकर अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण से परेशान हैं तो अवश्य परामर्श लेवें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ अक्षय वैद
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
19 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश
MD,DM
Interventional
Cardiologist
20 जनवरी 2024 शनिवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोगीमगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### कचना में शिव महापुराण कथा आज से



**जीजामगांव।** कचना में ग्रामवासियों एवं जनजागरण सत्संग समिति के तत्वावधान में 13 जनवरी से श्री बेलपत्र शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। साध्वी अन्नपूर्णा गिरी वर्षा नगर पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन रसमयी अमृतवाणी का रसपान कराएंगी।प्रथम दिन 13 जनवरी को शिव कथा का महत्व, बिंदु चंचुला कथा होगी। 14 जनवरी को नारद ब्रह्माजी का संवाद, 15 जनवरी को सती प्रसंग, शिव पार्वती विवाह, 16 जनवरी को कार्तिकेय जन्म, 17 जनवरी को गणेश प्राकट्य, 18 जनवरी को जालंधर, शंखचूड़ वध एवं अंतिम दिवस 19 जनवरी को महिषासुर मर्दिनी कथा, 12 ज्योतिर्लिंग, आहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर दीप जलाने का संदेश दे रही आराध्या



**धमतरी।** जिले के ग्राम बकली निवासी बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू अपने यूटयूब चैनल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से 500 साल के इंतजार के बाद रामलला के अपने महल में विराजित होने पर त्यौहार मनाने का संदेश दे रही है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के उन्होंने सभी सनातनी से अपील कर रही है कि यह दिन हमारे लिए दीपावली पर्व जैसे होगा। अपने घर के सामने मुख्य द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित करें।

### खरेंगा की मड़ई में कारी बदरिया की प्रस्तुति

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम खरेंगा के बाजारपारा में 18 जनवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए कारी बदरिया मोखा गुरुर का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पूर्व सरपंच मोहन साहू, प्रकाश साहू , बसंत चक्रधारी, राधेश्याम बारले, तामेश्वर साहू ने दी है।

### जानकी ने बीए फाइनल में पांचवां स्थान प्राप्त किया

**धमतरी।** स्थानीय अधारी नवागांव वार्ड गंगा तालाब के पास के निवासी गणेशराम देवांगन की पुत्री जानकी देवांगन ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित बीए अंतिम वर्ष 2023 की मेरिट सूची में पूरे विवि में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जानकी ने बीए अंतिम वर्ष में कुल प्राप्तांक 1800 में 1439 नंबर प्राप्त किया है। उसे 79.94 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। जानकी की इस उपलब्धि पर परिवारजनों एवं शहर के नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

तहसील साहू समाज ने किया करियर गाइडेंस एवं मोटिवेशन टॉक शो

# स्कूली छात्रों को दिये गये सफलता के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





धमतरी तहसील साहू समाज सामाजिक समरसता के कार्य के बाद अब 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र- छात्राओं के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम चला रहा है। हायर सेकेंडरी स्कूल रांवा में करियर गाइडेंस एवं मोटिवेशन टॉक को शो का आयोजन किया गया जिसमें रांवा, तरसींवा, कुर्रा स्कूल के 500 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मुख्य अतिथि साहू समाज के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष गोपाल साहू थे। मुख्य अतिथि अवनेंद्र ने छात्र-छात्राओं से कहा कि यही उम्र है कि आप तय करेंगे कि आपको आगे करना है। किस दिशा में जाना है। आज आपको करियर के लिए अच्छी चीजें बताई जा रही है। गोपाल ने तहसील साहू समाज द्वारा चलाये जा रहे रचनात्मक कार्यों व सामाजिक गतिविधियों के बारे में बताया।

मोटिवेशन स्पीकर राकेश झंवर ने छात्र- छात्राओं को करियर चुनाव के संबंध में जानकारी दी। छोटे छोटे उदाहरणों के जरिए उनका शंका का समाधान कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मेवालाल साहू, नंदझरोखा साहू, धनुष साहू, यादवेंद्र साहू, रामआसरा साहू, रामाधार साहू, भुवनेश्वरी साहू , दीपेश्वरी साहू, निर्मला साहू , गोवर्धन, लालचंद साहू, विष्णु साहू ,जनपद सदस्य मानिक साहू, मीडिया प्रभारी माधवेंद्र हिरवानी सहित अध्यापकगण उपस्थित थे।

# विवेकानंद ने पूरे विश्व को आध्यात्म का संदेश दिया

■ प्रतिमा पर महापौर, एमआईसी सदस्यों ने किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रत्नाबांधा कालेज मोड़ पास स्थित युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुविचारों का समागम रहे हैं। अपनी विचार धारा से सबको प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके संदेश ने दुनिया के लाखों लोगों को प्रभावित किया। स्वामी विवेकानंद का शिकागो में दिया भाषण आज भी सबके बीच प्रसिद्ध है। उन्होंने भारत व सनातन धर्म का इतनी संवेदनशीलता व गहराई से प्रतिनिधित्व किया था जिसे आज भी हम सब गौरवान्वित महसूस करते हैं। स्वामी विवेकानंद अपने धार्मिक ज्ञान से किसी के भी दिल में जगह बनाने और अपने शक्तिशाली और तर्कयुक्त विचारों से किसी के भी सोचने का नजरिया बदलने की क्षमता रखते थे। महापौर ने प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण कर जीर्णोद्धार करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, केन्द्र कुमार पेंदरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा, पूर्व एल्डरमेन लखन जनार्दन गौतम, नरोत्तम यादव, भूपेश साहू उपस्थित थे।

# 500 लोगों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के मार्गदर्शन एवं धमतरी जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में चम्पारण में 7 जनवरी से 13 जनवरी तक सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा आयोजित है। श्री गोपाल धर्मशाला के मैदान में आयोजित शिव महापुराण कथा में संत महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि माया अंधकार का रूप है। अपने जीवन में भक्ति का दीप जलाकर इस माया रूपी अंधकार को मिटाना है।

कार्यक्रम के तहत 8 से 10 जनवरी तक 51 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया एवं 11 हजार रूद्राक्ष रखकर पूजन किया गया। 9 जनवरी को साध्वी कृष्णानन्द का सुंदरकांड पाठ हुआ। 10 जनवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा। शिविर में डॉ. आनंद परतानी, डॉ. सतीश राठी, डॉ. श्रीकान्त जाजू ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर का लगभग 500 लोगों ने लाभ उठाया। पंजीयन कार्य में अमित राठी, संजीव एवं राहुल लखोटिया ने सेवाएं दी।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि केके चांडक अहमदाबाद, नारायण राठी रायपुर एवं श्री सोमानी जगदलपुर तथा सुभाष भट्टड़, सुरेश मुंदड़ा, नंदकिशोर राठी, प्रतीक भट्टड़ अभनपुर, राजेन्द्र माहेश्वरी के अलावा समाजजन उपस्थित थे।



## कबीर शोध संस्थान को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग

■ कबीर पंथ संत संगठन ने की मुख्यमंत्री से भेंट

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कबीर पंथ संत संगठन के अध्यक्ष संत रविकर साहेब समेत 20 से अधिक संतों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर नया रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत कबीर शोध संस्थान को शीघ्र आरंभ कराने पर चर्चा की। संतों ने संत कबीर विश्व वियालय स्थापना करने, कुछ विद्यालयों में पोषण आहार के नाम पर किए जा रहे अंडा वितरण पर रोक लगाने ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर घनश्याम साहेब, बलवान साहेब, पुराण साहेब, क्षेमेंद्र साहेब, पुनीत साहेब, हेमेंद्र साहेब, गुरुपालन साहेब, घनश्याम साहेब,शोधकर साहेब, चिरंजीव साहेब, रतन साहेब, तुलसी साहेब, भागवत दास, साध्वी भागबती साहेब, साध्वी सीमा, साध्वी सुप्रिया, साध्वी संतोषी उपस्थित थे।

## अनुदान प्राप्त शिक्षक संगठन के हेमंत ठाकुर अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक और कर्मचारी संगठन की जिला इकाई धमतरी का निर्वाचन तीन वर्ष के लिए हुआ। अध्यक्ष हेमंत सिंह ठाकुर, सचिव प्रकाश पवार, उपाध्यक्ष एससी क्रिस्टी, कोषाध्यक्ष जीपी द्विवेदी, सहसचिव सौरभ रणसिंह, संगठन सचिव श्रीमती कृष्णा सोनी मनोनीत किए गए।

# जयंती पर भाजपाइयों ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन

■ विवेकानंद के विचार ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्वामी विवेकानंद की जयंती को भाजपाइयों ने युवा दिवस के रूप मे मनाया। रत्नाबांधा स्थित विवेकानंद की प्रतिमा की सफाई कर, माल्यार्पण कर विश्व को दिये गये उनके संदेशों, विचारों को याद किया। भाजपा जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार विश्व के युवाओं को ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उन्होंने हिंदुत्व को संपूर्ण जीवन दर्शन बताया। शिक्षा पर वे विशेष जोर देते थे। उनका मानना था कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिये जो चरित्र का निर्माण करें। डीपेंद्र साहू ने स्वामी विवेकानंद को एक महान समाज सुधारक बताया और युवाओं को उनके मार्ग का अनुसरण करने की सलाह दी। योग और भारतीय संस्कृति को स्वामीजी ने विश्व में पहचान दिलाई। विवेकानंद वार्ड की पार्षद श्रीमती सुशीला तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने भी स्वामी जी के विचारों को मोदी जी की कार्यप्रणाली का आधार बताया। इस अवसर पर कीर्तन मीनपाल, सूरज शर्मा, राकेश साहू, कृष्णा हिरवानी, विनोदराव रणसिंह, युवराज मरकाम, वेदप्रकाश साहू सहित प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निबंध स्पर्धा में परमेश्वरी रही अव्वल



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में विकसित भारत-2047 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 49 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान नीतिका यादव तथा तृतीय स्थान रेखा यादव ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इससे 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकेगा। कार्यक्रम में डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जेएल पाटले, ओपी चन्दे, राजेश जांगड़े, हुकेश कुमार, आकाश साहू, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, तीजन साहू, सुषमा साहू, गीतांजलि टंडन, सतीश साहू, किरण चन्द्राकर उपस्थित थे।

# डेली नीड्स की दुकान से सुनीता को प्रतिदिन 500 से 700 रुपए की हो रही आमदनी

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से महिलायें हो रहीं आत्मनिर्भर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से महिलायें आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। साथ ही अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। ऐसी ही महिला सेहराडबरी की श्रीमती सुनीता साहू। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम सेहराडबरी में गत दिनों लगे संकल्प शिविर में पहुंची सुनीता ने अपनी कहानी अपनी जुबानी बताते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह में जुड़ने से पहले घर का काम करती थीं और छोटे-मोटी जरूरतों के लिये पति और परिवार पर निर्भर रहती थीं। इसके बाद उन्हें योजना से जुड़ी गांव की ही कुछ महिलाओं ने स्व सहायता समूह से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी।

सुनीता ने इससे प्रभावित होकर स्व- सहायता समूह से जुड़ने के लिये अपनी हामी भर दी। वैष्णवी स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद सुनीता सक्रिय महिला के रूप में चयनित हुईं। समूह की बचत, ग्राम संगठन एवं बैंक लिंकेज से कम ब्याज दर पर उपलब्ध होने वाले ऋण की जानकारी ली और दो लाख रूपये का ऋण लेकर आजीविका के लिये डेलीनीड्स की दुकान संचालित करने लगीं। इससे सुनीता को प्रतिदिन 500 से 700 रूपये की आमदनी होने लगी। सुनीता आज गांव की अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रोत्साहित भी कर रहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से उन्हें अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिये किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं है। वे स्वयं अपना और परिवार को आजीविका के लिये आर्थिक मदद कर रही हैं।

## 1,874 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्रों में भारत सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जागरूक एवं लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में संकल्प शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण बड़े ही उत्साह के साथ शामिल होकर भारत सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे है। इस दौरान लाभान्वित हितग्राही अपनी कहानी बताकर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

नगरी विकासखंड के ग्राम चिंवरीं में आयोजित संकल्प शिविर में आनंदराम ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2018-19 में उसकी भूमि में डबरी व भूमि समतलीकरण का निर्माण किया गया था, डबरी में मछलीपालन कर तथा भूमि समतलीकरण होने से उसमें कृषि कार्य कर उसकी आय में वृद्धि हुई है। सेवाराम यादव ने बताया कि शौचालय नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता था। शासन द्वारा शौचालय निर्माण के लिए उन्हें 12 हजार रूपये प्रदान किया गया है, जिससे उन्होंने अपने घर में शौचालय का निर्माण कराया है, जिसका उपयोग पूरा परिवार कर रहा है। ऐसी अच्छी सुविधा प्रदान करने के लिए सभी हितग्राहियों ने देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का धन्यवाद किया है।

### जिले में अब तक 243 शिविर

जिले में 16 दिसम्बर से अब तक कुल 243 शिविर आयोजित किए गए है, जिनमें नगरी में 64, कुरूद में 61 मगरलोड में 57 तथा धमतरी विकासखण्ड में 49 शिविर लगाये गये हैं, जिसमें जिले के एक लाख 93 हजार 59 लोगों ने हिस्सा लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, केसीसी सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाया। 3776 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत नया गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। संकल्प शिविरों में अब तक 1,874 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया है।

### आधुनिक खेती करने की ओर किसान



किसानों को आधुनिक खेती की ओर अग्रसर करने 76 गावों में ड्रोन डेमोस्ट्रेशन कर खेती किसानी सम्बन्धी जानकारी भी दी गई है। इस दौरान 222 किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर मृदा परीक्षण कार्ड भी प्रदान किया गया है। शिविर में 771 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ के कैलेंडर का हुआ विमोचन

**धमतरी।** छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन समाज कल्याण एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के डायरेक्टर पंकज वर्मा, प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, कोषाध्यक्ष महेश साहू, उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, घनश्याम सिंह साहू, शिवकुमार भोई, डा. रवि पटेल, डा अतिमेश टेंगवार, डा पंकज, प्रीतम मानिकपुरी, एचके साहू उपस्थित थे। प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित ने मंत्री को दिव्यांगजनों की समस्याओं एवं कार्य योजना से अवगत कराया।

### सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, उपजिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्र की संपूर्ण जवाबदारी आप सभी की है। प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही छोटी सी छोटी जानकारी को आप सभी गंभीरता से समझे और किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो पुनः पूछे, ताकि मतदान दिवस के दिन अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर सकें। श्री तिवारी ने सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्य, दायित्व के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करना, जोनल मजिस्ट्रेट प्लान तैयार करना, संवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन, चुनाव पूर्व शिकायतों पर ध्यान देना, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर ध्यान, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जानकारी दी गई।

### कांटाकुर्रीडीह मड़ई आज

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कांटाकुर्रीडीह में 13 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा रवेली गरियाबंद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम मंडावी, अश्वनी ठाकुर, खेमन साहू, खेमराज, राजेन्द्र मरकाम ने दी है।

### शहर के नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संदेश का किया वाचन

# ननि ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा महोत्सव के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

युवा संन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति की सुगंध विदेशों में बिखेरने वाले युग प्रवर्तक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद ने देश में चेतना जगाने का काम किया। उन्हें शहर के कई दिग्गज नेताओं ने निगम द्वारा आयोजित युवा महत्सव कार्यक्रम में नमन किया। महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर,केंद्र कुमार, आकाश गोलछा ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर महाराष्ट्र के नासिक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव को संबोधित किया जिसका सीधा प्रसारण विंध्यवासिनी वार्ड के पीछे सामुदायिक भवन में दिखाया गया। पूर्व विधायक रंजना साहू, कलेक्टर नम्रता गांधी, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, पार्षद विजय मोटवानी, धनीराम सोनकर, श्याम साहू, सुशीला तिवारी, सरिता असाई, प्राची सोनी, नीलू डागा, अज्जू देशलहरे, मिथिलेश सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, श्यामलाल नेताम, बिशन निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष शशि पवार, कविंद्र जैन, उमेश साहू, गीतिका विश्वास, अविनाश दुबे ने सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व युवाओं ने प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन किया।

युवा महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने उपायुक्त पीसी सार्वा, कार्यपालन अभियंता विजय खलखो, सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, महेंद्र जगत, राजस्व निरीक्षक देवेश चंदेल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मो. शेरखान, प्रभारी सहायक लेखाधिकारी नोरज देवांगन, उप अभियंता लोमस देवांगन, नमिता नागवंशी, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा समेत निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

#### विजेताओं को मिला पुरस्कार



सुबह 10 बजे पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। जागृति पटेल प्रथम, तेजस्विनी देवांगन द्वितीय व नताशा कोसरिया तृतीय रही। प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया था। डिम्पल सोनकर, तोषण साहू व सोमेश्वर गंजीर ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

#### राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी टिकेश्वर निर्मलकर, देवेश जोशी, ओमप्रकाश निषाद, भारती निर्मलकर, ट्विंकल सोरी, रितेश साहू, सुजल महाजन, अंजलि साहू , कुणाल यादव, मनीष यदु का जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया।

## सिंधी इलेवन, मार्निंग इलेवन, कीर्ति इलेवन ने जीते मैच

- धमतरी कार्पोरेट स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच जारी

**धमतरी।** स्थानीय पीजी कालेज क्रिकेट स्टेडियम में धमतरी कार्पोरेट स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी से किया गया है। प्रतियोगिता के छठवें दिन गुरूवार को पहला मैच सिंधी इलेवन व जैन इलेवन के बीच खेला गया। सिंधी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओव्हरों में 4 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाए। जैन इलेवन की टीम 8.5 ओव्हर में 77 रन पर आलआउट हो गई। इस प्रकार सिंधी इलेवन ने यह मैच जीत लिया। दूसरा मैच मार्निंग इलेवन व मेट्रोफिट जिम के बीच खेला गया। मार्निंग इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओव्हर में 4 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाए। जवाब में मेट्रोफिट जिम 8 विकेट खोकर 87 रन बना पाई। इस प्रकार मार्निंग इलेवन ने 63 रनों से मैच जीत लिया। तीसरा मैच कीर्ति इलेवन व विराट कोहली फैंस टीम के बीच खेला गया। कीर्ति इलेवन ने 10 ओव्हर में 4 विकेट खोकर 126 रन बनाए। इसके जवाब में विराट कोहली फैंस की टीम 6 विकेट खोकर 113 रन ही बना पाई। अंतिम मैच को कीर्ति इलेवन ने 13 रनों से जीता।





इस अवसर पर पत्रकार सुधीर गुप्ता, मेघराज ठाकुर, समाजसेवी महेन्द्र खंडेलवाल, विश्वजीत कृदत्त सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कुरमातराई में 19 से रामायण, 22 को मड़ई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम कुरमातराई में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 19, 20 एवं 21 जनवरी को संगीतमय मानसगान श्रीराम कथा रखी गई है। मानस मंच पर छत्तीसगढ़ अंचल की ख्याति प्राप्त मंडलियां श्रीराम कथा का बखान करेंगी। 22 जनवरी को मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में झन भूलो मां बाप ला ग्राम मोखा का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शेषनारायण साहू एवं ग्रामीण बस्ती समाज अध्यक्ष भीषम साहू ने दी है।

### जिलाध्यक्ष ने सीएम से की धान खरीदी 15 दिन आगे बढ़ाने की मांग

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मान में जिले से 1100 हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा के संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में भाग लेने धमतरी जिला से 1100 से अधिक पदाधिकारी रायपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश में शानदार जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं देते हुए विधानसभावार में सबसे अधिक मतों के अंतर से जीते हुए बूथ अध्यक्ष का सम्मान किया ।

जिलाध्यक्ष शशि पवार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर प्रदेश में सरकार बनते ही एक के बाद एक मोदी की गारंटियों को पूरा करने के लिये धन्यवाद दिया।




श्री पवार ने मुख्यमंत्री साय से किसानों के हित में धान खरीदी की समय- सीमा 15 दिन आगे बढ़ाने की मांग की जिस पर उन्होंने सहमति जताई। श्री पवार ने आगे कहा कि चुनाव पूर्व किये वादे के अनुसार किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी इसी सत्र से प्रारंभ होने तथा अंतर की राशि किस्तों मे न देकर एकमुश्त देने की सरकार की घोषणा से किसान गदगद है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की जनता का विश्वास मोदी के प्रति और अधिक हुआ है। इसका परिणाम आने वाले लोकसभा चुनाव में दिखेगा और सभी 11 सीटों पर भाजपा के सांसद चुनकर जनता मोदी का मार्ग प्रशस्त करेगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### महापौर ने किया पुलिया निर्माण का निरीक्षण



**धमतरी।** ग्राम रत्नाबांधा कॉलेज मोड़ के पास पुलिया का निर्माण हो रहा है। महापौर विजय देवांगन एवं एमआईसी सदस्यों ने निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि शहर के बरसाती पानी एवं गंदे पानी को उपचारित करने बनाए जा रहे फिल्टर प्लांट में पानी पहुंचाने कॉलेज मोड़ के पास पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाइप न डालकर स्लेब लगाने कर्मचारियों को निर्देशित किया। मौके पर एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, केंद्र कुमार पेंदरिया, आकाश गोलछा, लखन पटेल उपस्थित थे।

### विकसित भारत यात्रा अब तक 2.25 लाख गांवों में पहुंची : कैलाश



**धमतरी।** विकसित भारत यात्रा ग्राम अंगारा पहुंची। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने का यह अभियान लगातार बढ़ रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं, लेकिन अब तक यह यात्रा 2.25 लाख गांवों तक पहुंच चुकी है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य उस व्यक्ति तक पहुंचना है, जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकारी योजनाएं बिना किसी पक्षपात या भेदभाव के सभी के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों की तलाश कर रहा हूं जो योजनाओं से वंचित रह गए हैं। इस अवसर पर कीर्तन मीनपाल, ओमेश यादव, सूरज शर्मा, देवेश साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### लोहरसी स्कूल में लगा बाल मेला



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला लोहरसी में बाल मेला एवं माता उन्मुखीकरण का कार्यक्रम हुआ। बच्चों एवं माताओं ने आनंद मेला का स्टॉल लगाया जिसका सभी ने आनंद लिया। श्रीमती सरोज जगताप एवं उनके ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने माताओं एवं अतिथियों से हमेशा शाला से जुड़े रहने तथा बच्चों से संबंधित कोई भी समस्या हो तो शाला में आकर अपनी बात रखने को कहा। महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को खेल खिलाया गया। बिंदी लगाओ, क्विज प्रतियोगिता, फुग्गा फुलाओ एवं बोतल गेम का आयोजन हुआ। प्रधानपाठक फिरदौस खान ने आभार व्यक्त किया। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, संकुल समन्वयक दिनेश अग्रवाल, संकुल प्रभारी श्री सिन्हा, शिक्षक संतोष गजेंद्र, प्रमिला चौधरी, जागृति जागड़े समेत अन्य मौजूद थे।

### विपक्ष भ्रष्टाचार का आरोप लगाना बंद करें

**धमतरी।** भाजपा पार्षदों ने एलइडी लाइट को लेकर नगर निगम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इसके जवाब में ब्राह्मणपारा वार्ड के कांग्रेस पार्षद राजेश पांडे का कहना है कि एलइडी लाइट की खरीदी का ठेका भाजपा नेता के एक करीबी द्वारा लिया गया है। अगर विपक्ष में नैतिकता और साहस है तो एलइडी लाइट खरीदी की निष्पक्ष जांच करा लें। जांच करने के लिए हम तैयार हैं और जो भी दोषी पाया जाता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। विपक्ष भ्रष्टाचार का आरोप लगाना बंद करें।

## विवेकानंद जयंती पर स्वयंसेवकों ने निकाली साइकिल रैली



**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक एक एवं दो द्वारा प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से लेकर स्वामी विवेकानन्द चौक रत्नाबांधा तक साइकिल रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निरंजन कुमार एवं प्रो. आकांक्षा मरकाम ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर निरंजन कुमार ने कहा कि स्वामी जी ने जीवन का हर क्षण देश की सेवा एवं राष्ट्र की संस्कृति को बचाने में लगाया। आकांक्षा मरकाम ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर रखकर भारतीयों को विशेष सम्मान दिलाया है। स्वयंसेवक जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सामुदायिक भवन में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित हुए जहां उन्होंने प्रधानमंत्री का संदेश सुना। इस दौरान स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, संकेत कुमार साहू, अनीता, लीना, विभा, विवेक, रामानंद, प्रहलाद, कुलदीप, आर्यन, लोचन, अभिलाषा समेत अन्य उपस्थित थे।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels /RahulTravelsOneWay www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाबेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-73544-11411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969
हरिभूमि कार्यालय
बठेना हॉस्पिटल के सामने, गोयल ऑटो के पीछे, धमतरी